**खबर संक्षेप**

## जिले के स्वैच्छिक संगठनों की समीक्षा बैठक आज

**कटनी।** म.प्र. जन अभियान परिषद् के द्वारा स्वैच्छिक संगठनों के सशक्तिकरण हेतु दृष्टि योजनान्तर्गत पंख कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इसी तारतम्य में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला स्तर पर कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन मंगलवार 28 अप्रैल को दोपहर 4 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया है। बैठक के दौरान वन मण्डलाधिकारी, जिला कार्यकम अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, जिला परियोजना समन्वयक, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ, परियोजना अधिकारी उद्यानिकी विभाग, महाप्रबंधक लघु एवं सूक्ष्म उद्योग, संचालक, सामाजिक कल्याण विभाग को अपने विभाग एवं योजना से संबंधित स्वैच्छिक संगठनों के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं। जिससे विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों की जिला डायरेक्टरी तैयार की जा सके।

## ओवरब्रिज पर एक्टिवा बनी आग का गोला

**कटनी।** मिशन चौक ओवरब्रिज पर सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती एक्टिवा में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते स्कूटी आग की लपटों से घिर गई और पूरी तरह जलकर खाक हो गई। गनीमत यह रही कि चालक ने समय रहते सूझबूझ दिखाई और गाड़ी से उतर गया, जिससे उसकी जान बाल-बाल बची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे एक एक्टिवा चालक चांडक चौक से बरगवां की ओर जा रहा था। जैसे ही वह मिशन चौक ओवरब्रिज के ऊपर आजाद चौक के पास पहुँचा, गाड़ी में अचानक स्पार्किंग हुई और चिंगारियां निकलने लगीं। खतरा भांपते ही चालक ने तत्काल गाड़ी रोकी और नीचे उतर गया। स्कूटी में आग लगते ही ब्रिज पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को कुछ करने का मौका नहीं मिला। वहां मौजूद राहगीरों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना के चलते कुछ देर के लिए ओवरब्रिज पर यातायात भी प्रभावित हुआ।

## वार्ड स्तर पर फीडबैक लेने चलाया अभियान

**कटनी।** सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु निगम प्रशासन के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से नगर के विभिन्न वार्डों के भवनों एवं दुकानों से डोर टू कचरे का संग्रहण कार्य किया गया। इस दौरान नागरिकों को सूखा एवं गीला कचरा दो अलग- अलग डस्टबिन में रखने तथा निगम के कचरा संग्रहण वाहनों में अलग -अलग ही देने की अपील की गई। स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर वार्ड स्तर पर फीडबैक अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत सोमवार को बस स्टैंड शौचालय, कटाए घाट सुरम्य पार्क सहित नगर के अन्य स्थानों में नागरिकों ने स्वच्छता के संबंध में फीडबैक लिया गया। नगर के हॉस्पिटलों से स्वच्छता रैंकिंग फार्म प्राप्त करने के साथ ही स्कूलों का विजिट किया गया।

### दोपहर बाद अचानक से बदला मौसम का मिजाज, आसमान में बादलों की जमघट

# भीषण गर्मी के बीच एक घंटे झमाझम बरसे बदरा, अब उमस ने बढ़ाई बेचैनी

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच सोमवार को दोपहर बाद मौसम का रूख बदल गया। आसमान में बादलों ने डेरा जमाया और शाम होते होते तेज हवा के साथ झमाझम बारिश होने लगी। करीब एक घंटे तक रूक रूक कर तेज एवं रिमझिम का दौर चलता रहा। तेज बारिश होने के बाद भी गर्मी से कोई खास राहत नहीं मिली। बारिश के थमते ही उमस ने बेचैन कर दिया। आसमान में बादल अभी भी डेरा डाले हुये हैं। शहर में करीब 2 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहने से लोग खासे परेशान हुये।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वर्तमान समय में भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल हो रहा है। सोमवार की सुबह तक तेज धूप से ऐसा लग रहा था मानों सूरज आग उगल रहा हो, वहीं दोपहर में मौसम का अलग ही रंग देखने को मिला। बारिश होने एवं बादलों के कारण उमस ने हलाकान कर दिया। दिन का पारा भी 40 से 42 डिग्री तक पहुंचा। बारिश होने के बाद गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम साफ होते ही अभी तापमान और भी बढ़ेगा। मौसम के दो रूप ने जनजीवन बेहाल कर दिया।

चिकित्सकों के अनुसार गर्मी में बढ़ते तापमान एवं लू से बचने के लिए नागरिकों को सावधानियां बरतने की जरूरत है। भीषण गर्मी में लू से शिकार व्यक्ति को तेज सिरदर्द होता है, मुंह-जुबान सुखने लगती है, माथे, हाथ, पैर में पसीना आता है व घबराहट होती है और प्यास लगती है, उल्टी होती है भूख नहीं लगती है तथा हालत अधिक खराब होने से मरीज बेहोश हो जाता है। त्वचा एकदम शुष्क और शरीर का तापमान अधिक हो जाता है। गर्मी के कारण शरीर मे पानी की कमी हो जाती है। इस दौरान बुखार, हाथ पैरों में दर्द, आंखों और पैशाब में जलन के साथ ही कभी-कभी दस्त भी लग सकते है। उन्होंने बताया कि पानी की कमी के कारण मरीज की मृत्यु भी हो सकती है।

गर्मी से बचाव के लिये गर्दन के पिछले भाग, कान व सिर को गमछे या तौलिये से ढकक़र ही धूप में निकलें एवं रंगीन चश्में व छतरी का प्रयोग करें। गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेंशा सफेद या हल्के रंग के ढीले कपड़ों का प्रयोग करें। बिना भोजन किए घर से बाहर न निकलें, भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकले। गर्मी में हमेंशा पानी अधिक मात्रा में पियें एवं पेय पदार्थों का अधिक-से-अधिक मात्रा में सेवन करें।

# आग में जिंदा जला प्रौढ़, हादसा या फिर कुछ और , जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



संदिग्ध परिस्थितियों में एक प्रौढ़ की आग से जलकर मौत हो गई। घटना कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम कछगवां जोबा की है। मृतक रघुनाथ पटेल 52 वर्ष जो गांव में कबाड़ का काम करते थे। परिजनों और ग्रामीणों ने इस मौत को हादसा मानने से साफ इनकार करते हुए इसे सोची-समझी हत्या बताया है। परिजनों के अनुसार रात करीब 8 बजे मृतक का बेटा पंकज जब दुकान पहुंचा तो वहां आग लगी हुई थी। अंदर जाकर देखा तो रघुनाथ पटेल बुरी तरह झुलसे पड़ा था। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति आग की लपटों में घिरा दिखाई दे रहा है। हालांकि वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

मृतक के परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था और घटना से एक दिन पहले भी कहासुनी हुई थी। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने पहले ही पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अगर समय रहते कदम उठाया जाता, तो शायद रघुनाथ की जान बच सकती थी।

घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कैमोर रोड पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। काफी समझाइश और कार्रवाई के आश्वासन के बाद जाम समाप्त कराया गया।

पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आग लगने से मौत का प्रतीत हो रहा है। शव का पोस्टमार्टम करा लिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और पीड़ित पक्ष के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

# खाद-बीज दुकानदारों की बेमियादी हड़ताल से किसानों हुये परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

महाराष्ट्र राज्य के संगठन माफड़ा द्वारा खाद, बीज एवं कीटनाशक से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर 27 अप्रैल 2026 से अनिश्चितकालीन बंद का निर्णय लिया गया है। इसी के समर्थन में सोमवार को ऑल इंडिया संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलन्त्री के नेतृत्व में देशभर में खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल करते हुए अपनी दुकानें बंद रखीं। इसका असर उमरियापान-ढीमरखेड़ा क्षेत्र में भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद, बीज एवं कीटनाशक की दुकानें बंद रहने से किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बाजार में किसानों को बीज एवं कीटनाशक दवाइयां नहीं मिल सकीं, जिससे खेती-किसानी के कार्य प्रभावित हुए। व्यापारियों ने बताया कि हड़ताल का मुख्य उद्देश्य उर्वरक कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाना है। उनकी प्रमुख मांगों में टैगिंग प्रणाली समाप्त करना, डीलर मार्जिन कम से कम 8 प्रतिशत करना, खाद-बीज एवं कीटनाशक के सैंपल फेल होने पर संबंधित कंपनियों पर सीधी कार्रवाई करना शामिल है। इसके साथ ही 'साथी पोर्टल' को कंपनियों एवं डिस्ट्रीब्यूटर तक सीमित रखने तथा एफओआर सुविधा डीलरों के गोदाम तक उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखी जाएगी। किसानों ने शासन-प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है, ताकि उन्हें खेती के लिए आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध हो सके।

## 15 लीटर शराब जब्त, लाहन कराया नष्ट

**कटनी।** बिलहरी चौकी पुलिस ने ग्राम करहिया कला में कार्रवाई करते हुए हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब जप्त की है। पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चिसीया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा तथा चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय की टीम ने मुखबिर सूचना पर गांव में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान रामदुलारी मांझी से 3 लीटर, चंद्रकला नरगड़िया से 4 लीटर, अंगुली सनोडिया से 5 लीटर तथा देववती नरगड़िया से 3 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई। पुलिस ने मौके से शराब बनाने में उपयोग होने वाला भारी मात्रा में लाहन भी बरामद कर नष्ट किया। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## आदि गुरू शंकराचार्य ने सनातन धर्म को पुनर्जीवित किया



विकासखंड बड़वारा में अध्ययनरत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू छात्रों की संपर्क कक्षाओं में आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर विकासखंड स्तरीय व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में उपस्थित हरभगत द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला गया। तदुपरांत जनपद सदस्य विनय नागवंशी ने अपने उद्बोधन में बताया गया कि आदि गुरु शंकराचार्य ने सनातन धर्म का प्रचार किया। साथ ही उनके द्वारा चारों धाम में बनाए गए मठो के द्वारा सनातम धर्म को पुनर्जीवित किया। उन्होंने ज्ञान, तर्क और भक्ति के माध्यम से राष्ट्र को एक नई दिशा प्रदान की। उनका संपूर्ण जीवन लोककल्याण एवं सत्य के प्रति प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा भी आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन पर अपने वक्तव्य रखें गए।

# युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न कौशल विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री तिवारी ने पीएमआईएस योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर विशेष बल दिया। कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि पॉलिटेक्निक प्राचार्य, तिलक स्नातकोत्तर कॉलेज एवं आईटीआई संस्थाओं के समन्वित प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें रोजगार एवं उद्यमिता के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। साथ ही मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं के लिए बीमा (इंश्योरेंस) सुविधा उपलब्ध कराने हेतु संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि आईटीआई प्रवेश सत्र 2026-27 में अधिकतम प्रवेश सुनिश्चित करने हेतु ठोस रणनीति तैयार की जाए। इसके लिए ग्रामीण स्तर तक व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा युवाओं को आईटीआई के महत्व एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे स्कूलों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आईटीआई का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।

साथ ही जनपद स्तर पर रोजगार सहायकों के सहयोग से भी युवाओं तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

### माधवनगर क्षेत्र में टीम की सतर्कता से रोका गया बाल विवाह

# महिला एवं बाल विकास और राजस्व की संयुक्त टीम ने रोका बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शहर के माधव नगर क्षेत्र में सोमवार को होने जा रहे बाल विवाह को कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा गठित महिला एवं बाल विकास एवं राजस्व विभाग की संयुक्त कोर टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए रोक दिया। साथ ही न्यायालय द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत व्यादेश भी जारी किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग कटनी को चाइल्ड हेल्प लाइन के माध्यम से कटनी शहर अंतर्गत माधव नगर क्षेत्र में बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जाँच की गई। बालिका की आयु सम्बन्धी दस्तावेजों की जाँच से पाया गया कि बालिका की आयु 18 वर्ष से कम है। परिजनों को समझाया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु की बालिका का विवाह बाल विवाह है। ऐसा करना कानूनन अपराध है।

मौके पर पंचनामा भी तैयार किया गया। प्रशासनिक टीम द्वारा समझाये जाने पर परिजन सहमत हो गये कि वे 18 वर्ष से पूर्व बालिका का विवाह नहीं करेंगे।

संयुक्त टीम में वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास, कटनी, आकाश नीरज, तहसीलदार कटनी, मनीष तिवारी, बाल संरक्षण अधिकारी, शैली तिवारी, प्रभारी प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर, कटनी, प्रीती उपाध्याय, प्रभारी परियोजना अधिकारी, कटनी शहरी एवं दुर्गेश, सदस्य, बाल कल्याण समिति, कटनी सम्मिलित रहे।

प्रभारी परियोजना अधिकारी कटनी शहरी एवं पदेन बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी द्वारा सीजीएम न्यायालय कटनी में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 13 अंतर्गत व्यादेश जारी करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन पर न्यायालय द्वारा बालिका का बाल विवाह रोके जाने सम्बन्धी व्यादेश जारी किया गया।

### समय-सीमा बैठक में योजनाओं व विभागीय कार्यों की निगमायुक्त ने की समीक्षा

# अनाधिकृत प्लाटिंग पर रखें निगरानी, दोषियों पर दर्ज कराएं एफआइआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा सोमवार को एम.आई.सी. सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में निगम की विभिन्न शाखाओं की योजनाओं, लंबित प्रकरणों एवं जनहित से जुड़े कार्यों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में सुशासन की अवधारणा को सुदृढ़ करते हुए निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विभागीय कार्यों की पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें तथा सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करें।

नियमयुक्त ने बैठक सी एम हेल्पलाइन, राजस्व वसूली, पेयजल आपूर्ति, निर्माण कार्यों सहित शासन की प्राथमिक योजनाओं की प्रगति का विस्तृत समीक्षा कर आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जन सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए निगमायुक्त ने शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, बहुमंजिला भवनों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में फायर सेफ्टी मानकों का अनिवार्य पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मानकों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के साथ ही अनाधिकृत कॉलोनियों में भवनों के निर्माण पर रोक लगाने के साथ ही अवैध प्लाटिंग पर निगरानी बढ़ाने तथा दोषियों के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने कंपाउंडिंग के प्रकरणों की भी समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।



नगर निगम के माध्यम से संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं संबल योजना, पीएम स्वनिधि योजना सहित जन्म-मृत्यू, विवाह पंजीयन, ई-केवाईसी,आदि के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा नगर के अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को स्वनिधि योजना का नियमानुसार लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने प्रधान मंत्री आवास योजना के बी एल सी घटक के तहत राशि वितरण, ए एच पी योजना के तहत झिंझरी में निर्मित भवनों की गति सहित अमृत योजना के तहत पाइप लाइन विस्तार एवं रेस्टोरेशन के कार्यों की समीक्षा कर कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारियों द्वारा रोजाना नगर भ्रमण के दौरान की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने, नगर की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने के साथ ही नागरिकों की स्वास्थ्य सुविधा के मद्देनजर वार्डवार फॉगिंग एवं कीटनाशक छिड़काव नियमित रूप से करने, आवारा मवेशियों के नियंत्रण की कार्यवाही जारी रखने के साथ ही वर्षा ऋतु के पूर्व नगर के समस्त बड़े एवं छोटे नाले नालियों की सफाई कराने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

ट्रांसपोर्ट नगर से ट्रांसपोर्ट व्यवसाय संचालन की दिशा में गंभीर प्रयास करने की बात कही जाकर जिन व्यवसायियों द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं किया गया है उनका आवंटन निरस्त करने का अंतिम नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं शहर के अंदरूनी क्षेत्रों में भी अनधिकृत रूप से नियमों का उल्लंघन करने वाले ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों पर भी नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सुगम आवागमन की दिशा में विशेष प्रयास करने के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

# महिला से एंबुलेंस साफ कराने पर दो कर्मियों की सेवायें समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला चिकित्सालय में महिला से एंबुलेंस की सफाई कराने के वायरल वीडियो को कलेक्टर आशीष तिवारी ने गंभीरता से लेते हुये संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर को सख्त निर्देश दिया था।

कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में सीएमएचओ डॉ. ठाकुर ने संबंधित कंपनी के संचालकों एवं प्रबंधकों से पूरे घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी ली और वायरल वीडियो के तथ्यों की जांच कराई। उन्होंने वायरल वीडियो को सही पाये जाने पर जेएईएस प्रोजेक्ट प्रा. लिमि. कंपनी के एंबुलेंस के पायलट और ईएमटी के विरूद्ध कार्यवाही करने की बात कही। इसके बाद जेएईएस प्रोजेक्ट प्रा. लिमि. कंपनी ने दो कर्मचारियों की सेवायें समाप्त कर दी है। इसमें पायलट पद पर नियुक्त देवा साहू और ईएमटी मोहित खटीक को कंपनी ने सेवा से टर्मिनेट किया है।

## खबर संक्षेप



### 1 मई को फूलों से सजेगा बांधा राधाकृष्ण मंदिर

**स्लीमनाबाद।** श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज 1 मई शुक्रवार वैशाख पूर्णिमा भगवान बुद्ध जयंती के पावन पुनीत अवसर पर भव्य पुष्प बांग्ला श्रृंगार से सजेगा । भांति भांति के सुगंधित पुष्पों की लड़ियों से भगवान का सिंहासन एवं समूचा परिसर सुसज्जित होगा । सायं 7:30 बजे भगवान श्री राधाकृष्ण जी, आदि शक्ति मां गायत्री जी, भगवान भोलेनाथ जी, विघ्न विनाशक गणेश जी, भगवान हनुमान जी की भव्य सुगंधित महाआरती होगी एवं प्रसाद वितरण होगा । श्री राधाकृष्ण सेवा समिति ने समस्त धर्म प्रिय जनों से मंदिर पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है ।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक कल

**कटनी।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक बुधवार, 29 अप्रैल को दोपहर 12 से जिला पंचायत के सभा कक्ष आयोजित होगी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सर्व संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में स्वयं उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है। सामान्य सभा की बैठक में पूर्व की बैठक के पालन प्रतिवेदन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग विभाग से संबंधित संचालित विभागीय योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा के साथ अन्य विषयों पर अध्यक्ष की अनुमति चर्चा होगी।

### विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित



**स्लीमनाबाद।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण प्रचार्या डॉक्टर सरिता पांडे केमार्गदर्शन में पाठ्यक्रम के अनुसार तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को दिए गए जैविक खेती के प्रशिक्षण के पश्चात लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली गई। बाह्य परीक्षक अश्विनी कुमार गर्ग एवं आंतरिक परीक्षक रामसुख दुबे द्वारा लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली गई परीक्षा प्रभारी डॉक्टर बालेंद्र सिंह ने परीक्षा संपन्न करवाया। प्रायोगिक परीक्षा का निरीक्षण प्राचार्या डॉ सरिता पांडे द्वारा किया गया।

### अब तक 354 मीट्रिक टन उपज की खरीदी

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में समर्थन मूल्य पर जिले में चना एवं मसूर का उपार्जन जारी है। उपार्जन हेतु जिले में स्थापित 6 केन्द्रों में अब तक 128 किसानों से 170 मीट्रिक टन चना एवं 91 किसानों से 184 मीट्रिक टन मसूर का उपार्जन किया जा चुका है। समर्थन मूल्य पर जारी उपार्जन नीति के अनुसार जिले में चना एवं मसूर का उपार्जन 28 मई तक किया जाएगा। जिले में चना के उपार्जन हेतु 4 हजार 624 जबकि मसूर के उपार्जन हेतु 1 हजार 619 कृषकों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। शासन द्वारा चना का समर्थन मूल्य 5875 रूपये प्रति क्विंटल और मसूर का 7 हजार रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। सभी पंजीकृत किसानों से निर्धारित समय में अपनी उपज का विक्रय करने का आग्रह किया हैं। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत सत्यापित कृषक द्वारा स्वयं के मोबाईल, एम.पी.ऑनलाईन, सी.एस.सी, लोकसेवा केन्द्र, इन्टरनेट कैफे, उपार्जन केन्द्र से स्लॉट बुकिंग की जा सकिती है। कृषक द्वारा उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर की जा सकेगी।

---

**मिलावटी खाद्य उत्पादन करने वाली फैक्ट्रियों पर करें कार्यवाही, एसडीएम व तहसीलदार प्रतिदिन 5 उपार्जन केन्द्रों का करें निरीक्षण**

# कलेक्टर के सख्त तेवर, 5 लापरवाह अधिकारियों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





कलेक्टर आशीष तिवारी ने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम एवं तहसीलदार प्रतिदिन समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें। उपार्जन केन्द्रों पर छन्ना, पंखा, पेयजल और बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही केन्द्रों में किसानों की भीड़ प्रबंधन एवं गेहूँ के परिवहन पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा और नवागत सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर मौजूद रहें।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने शिक्षा विभाग में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का निराकरण न करने पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी और जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी व मध्यप्रदेश जल निगम के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में खराब रैंकिंग पर जिला खनिज अधिकारी और सीएमचओ से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। साथ ही डीएफओ को लंबित शिकायतों के निराकरण में प्रगति एवं सुधार हेतु पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने डिजिटाइजेशन कार्य में रूचि नहीं लेने वाले पटवारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश तहसीलदारों को दिये। उन्होंने लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा से बाह्य लंबित आवेदनों पर पंचायत सचिवों के विरूद्ध अर्थदंण्ड लगाने की कार्यवाही करने के भी निर्देश जनपद पंचायतों के सीईओ को दिए।

### जनगणना तैयारी की समीक्षा

जनगणना कार्यों की समीक्षा करते हुये कलेक्टर श्री तिवारी ने तहसीलदारों द्वारा प्रगणकों को 30 अप्रैल तक किट वितरित करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत के सीईओ और पंचायत सचिवों को 1 मई से शुरू होने वाले मकान सूचीकरण के कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया ।

### जलगंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा

बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कौर ने जलगंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुये सभी विभागों को प्राप्त लक्ष्यों को तय समय में पूर्ण कर पोर्टल पर इंट्री करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि जलगंगा संवर्धन अभियान में कटनी जिले की प्रदेश में 19वीं रैंक है।

### टीएल पत्रों की समीक्षा

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, कृषि, जल संसाधन, आदिम जाति कल्याण, मत्स्य, वन, भू-अभिलेख, प्रदूषण नियंत्रण, खाद्य, आबकारी, शिक्षा आदि विभागों के अंतर्गत लंबित टीएल पत्रों की समीक्षा की और लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

### मिलावटखोरों पर करें कार्यवाही

कलेक्टर ने अभियान चलाकर मिलावटी एवं अशुद्ध खाद्य उत्पाद बनाने वाली जिले की बड़ी फैक्ट्रियों में औचक निरीक्षण कर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि ने बताया कि 559 के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 509 किसानों ने पैसा जमा कर दिया है और अब तक 36 किसानों के यहां सोलर पंप स्थापित किये जा चुके हैं। जिस पर कलेक्टर ने एलडीएम को शेष किसानों के ऋण स्वीकृत कराने के निर्देश दिए ताकि शेष किसानों के यहां भी सोलर पंप स्थापित किया जा सके।

कलेक्टर श्री तिवारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग को आधार सुधार की सभी बायोमेट्रिक मशीनें एक्टिवेट कराकर परियोजनाओं में चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने को-ऑपरेटिव बैंक को कृषि विभाग से समन्वय कर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के लिए सदस्यता अभियान चलाकर किसानों को जोड़ने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने विभाग में रिक्त पदों की जानकारी दो दिनों के भीतर देना सुनिश्चित करें ताकि लंबे समय से लंबित अनुकंपा नियुक्तियों को शीघ्र पूरा किया जा सके।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने 29 अप्रैल को प्रस्तावित सीएस बैठक के एजेण्डा पर चर्चा करते हुये सभी विभागों को निर्धारित बिंदुओं पर प्रगति लाने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम एवं तहसीलदार उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें एवं नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने जनपद पंचायत बड़वारा और रीठी को ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, सहायक आयुक्त आदिम जाति विमल चौरसिया, उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर के सोनी, सहायक संचालक मत्स्योद्योग आशीष नायक, जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम आदि की उपस्थिति रही।

---

*ट्रांसपोर्ट नगर विकसित होने के बाद यातायात की समस्या होगी दूर*

# शहर में अराजक यातायात से राहत दिलाने नगर निगम द्वारा की गई पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं बाधारहित बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर शिफ्टिंग की प्रक्रिया को चरणबद्ध रूप से गति प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पुरैनी स्थित विकसित ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में उपलब्ध शेष भूखंडों के आवंटन हेतु अचल संपत्ति अंतरण नियमों के अंतर्गत नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है तथा इसके लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं।

निगम प्रशासन का यह प्रयास शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्रों से भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित कर यातायात दबाव को कम करने, सड़क सुरक्षा को बढ़ाने एवं नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर के पूर्ण विकसित होने से परिवहन व्यवसाय से जुड़ी गतिविधियां एक ही स्थान पर संचालित हो सकेंगी, जिससे शहर में अव्यवस्थित पार्किंग, जाम एवं प्रदूषण जैसी समस्याओं में भी काफी कमी आएगी।

ट्रांसपोर्ट नगर योजना प्रभारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में विभिन्न उपयोगों हेतु भूखंडों का सुव्यवस्थित वर्गीकरण किया गया है। इसमें 15×30 वर्ग मीटर के 27 भूखंड, 12×15 वर्ग मीटर के 93 भूखंड, 6×15 वर्ग मीटर के 6 भूखंड तथा 4×6 वर्ग मीटर की 18 दुकानों के भूखंड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त परिवहन गतिविधियों को समुचित आधारभूत सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से पेट्रोल पम्प, धर्मकांटा एवं ढाबा जैसे आवश्यक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए भी पृथक भूमि आरक्षित की गई है, जिससे ट्रांसपोर्ट नगर एक पूर्ण विकसित एवं आत्मनिर्भर केंद्र के रूप में स्थापित हो सके।

निगम प्रशासन द्वारा ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया पारदर्शिता एवं प्रतिस्पर्धा को सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। निगम प्रशासन ने आवेदकों से इस योजना में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा है कि ट्रांसपोर्ट नगर के शीघ्र क्रियान्वयन से न केवल परिवहन व्यवसाय को सुव्यवस्थित प्लेटफॉर्म मिलेगा, बल्कि शहर के समग्र विकास, आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण में भी उल्लेखनीय योगदान प्राप्त होगा।

---

## महाविद्यालय में व्याख्यान माला का हुआ आयोजन



ढीमरखेड़ा के शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में आदि शंकराचार्य की 1238वीं जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने अपने संबोधन में कहा कि शंकराचार्य के जन्म से पूर्व समाज पापाचार और अत्याचार के अंधकार में डूबा हुआ था। ऐसे समय में उनका अवतरण हुआ ।उन्होंने अल्पायु में ही चारों पीठों की स्थापना कर पूरे भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। उन्होंने सनातन धर्म की पताका को ऊंचाई प्रदान करते हुए समाज को नई दिशा दी। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य जी ने अद्वैत वेदांत का संदेश देते हुए कहा– "ब्रह्म सत्य है, जगत मिथ्या है", जिसका आशय है कि समस्त जीवों में एक ही परम सत्य विद्यमान है। उनके विचार आज भी समाज को धर्म, कर्म और संस्कार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं ।इस अवसर पर परामर्शदाता अंकित झारिया, सत्येंद्र सिंह, नीलम मौर्य, सुमित सिंह एवं मुकेश सिंह बरकड़े ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी के छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही। अंत में छात्रा शालिनी कोरी ने आभार व्यक्त किया।

---

# शासकीय महाविद्यालय में ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित किये जायेंगे दो प्रतीक्षालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मै जन भागीदारी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जन भागीदारी समिति अध्यक्ष एसडीएम राकेश चौरसिया एवं सचिव प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय की उपस्थिति मै आयोजित हुई। जन भागीदारी अध्यक्ष व सदस्यों की मौजूदगी मै आगामी सत्र को लेकर विस्तृत चर्चा की गईं जिसमें वर्ष 2026-27 के लिए 100 रूपये प्रति छात्र की बढ़ोत्तरी की गईं।

सफाई कर्मचारी की नियुक्ति पर चर्चा हुई। छात्रों व स्टॉफ के लिए वाटर कूलर की कमी थी जिसे समिति सदस्य संजय जैन के द्वारा एक वाटर कूलर देने की बात कही गईं!दो प्रतीक्षालय बनाये जाने के लिए ग्राम पंचायत सरपंच संगीता महोबिया द्वारा बात कही गईं!वही महाविद्यालय मै लाईट व्यवस्था, इनवर्टर व्यवस्था व अन्य वार्षिक खर्च के लिए मुद्दों पर जनभागीदारी समिति के द्वारा स्वीकृति दी गईं व अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गईं!इस पर समिति के पदाधिकारियों ने विचार विमर्श किया।

महाविद्यालय के विकास के लिए हर बिंदुओं पर गहन मंथन ओर चर्चा की गईं!बैठक मै इस दौरान एसडीएम राकेश चौरसिया, प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय, चंद्रशेखर अग्रहरी, संजय जैन, सरपंच संगीता महोबिया, सुनील गुप्ता, संजय दुबे, संकुल प्राचार्य डी के ठाकुर, डॉ शैलेन्द्र जाट, डॉ किरण खरादी, अंजना पांडेय की उपस्थिति रही।

---

*शासकीय महाविद्यालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में दी विद्यार्थियों को दी गई जानकारी*

# छात्रों को यातायात नियमों व शासकीय योजनाओं की विस्तार से दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में यातायात सुरक्षा अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, थाना प्रभारी बड़वारा के.के. पटेल सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को थाना प्रभारी के.के. पटेल द्वारा जानकारी दी गई कि दोपहिया वाहन चलाते समय ISI मार्क हेलमेट पहनना अनिवार्य है। "हेलमेट नहीं तो वाहन नहीं" के नियम का पालन करने एवं बिना हेलमेट वाहन न चलाने की सख्त अपील की गई। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले राहगीर को शासन द्वारा 25,000 की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वारा किसी प्रकार की पूछताछ नहीं की जाती। दुर्घटना पीड़ितों का कैशलेस इलाज सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को "गोल्डन आवर" (दुर्घटना के पहले 1 घंटे) के भीतर 1.5 लाख तक का कैशलेस उपचार शासकीय एवं चिन्हित निजी अस्पतालों में उपलब्ध कराया जाता है। यह सुविधा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत दी जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें एवं अपने परिवार, मित्रों और समाज में भी लोगों को हेलमेट उपयोग, राहगीर योजना तथा दुर्घटना सहायता योजनाओं के प्रति जागरूक करें।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

---

**नगर निगम में आज आयोजित होगी महापौर जनसुनवाई**

# नागरिक महापौर के समक्ष सीधे रख सकेंगे अपनी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा संचालित महापौर जनसुनवाई अब एक विश्वसनीय व्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुकी है। इस पहल ने नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद को मजबूती देते हुए समाधान की प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और परिणाम मुखी बनाया है।

इसी क्रम में आज 28 अप्रैल, मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में महापौर जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से नागरिक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर उपस्थित हो सकेंगे।

जनसुनवाई के दौरान नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा। इससे शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनके निराकरण की दिशा में त्वरित कार्यवाही की जा सकेगी।

### मौके पर ही होंगे निर्देश, नहीं लगेगा शाखाओं का चक्कर

जनसुनवाई में संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे, जिससे प्राप्त आवेदनों पर मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा सकें। इस व्यवस्था से नागरिकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और एक ही स्थान पर समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकेगी।साथ ही जिन समस्याओं का निराकरण त्वरित किया जा सकता है उन्हें तुरंत निराकृत भी किया जाएगा।

### लगातार बढ़ रही सहभागिता और भरोसा

प्रत्येक मंगलवार को आयोजित हो रही इस जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक भाग लेकर अपनी समस्याएं रख रहे हैं। स्वच्छता, पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट एवं अतिक्रमण जैसे विषयों पर प्राप्त आवेदनों के निराकरण से इस व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

इस पहल के माध्यम से न केवल शिकायतों के निराकरण में गति आई है, बल्कि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता भी सुनिश्चित हो रही है। जनसुनवाई के दौरान ही समस्याओं की मॉनिटरिंग और फॉलोअप की प्रक्रिया शुरू हो जाती है, जिससे लंबित मामलों में भी तेजी से प्रगति देखने को मिल रही है।

### त्वरित कार्यवाही से राहत

जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही होने से नागरिकों को समय पर राहत मिल रही है। कई मामलों में मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से आमजन को अनावश्यक प्रतीक्षा से मुक्ति मिल रही है और नगर निगम की सेवाओं के प्रति संतुष्टि का स्तर भी बढ़ रहा है।

---

# बहोरीबंद में पंचायत निर्वाचन हेतु प्राधिकृत अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



जनपद पंचायत बहोरीबंद अंतर्गत पंचायत की फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत जनपद पंचायत सभागार बहोरीबंद में प्राधिकृत अधिकारी का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। मास्टर ट्रेनर्स व विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग ने बताया कि ग्राम पंचायत की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार घोषित किया गया है इसमें 21 फरवरी 2026 को विधानसभा की मतदाता सूची को आधार सूची मानते हुए 1 जनवरी 2026 की तिथि में ग्राम पंचायत की मतदाता सूची तैयार की जावेंगीं। यह कार्य दो चरणों में संपन्न होगा पहले चरण में कंट्रोल टेबल वेरिफिकेशन एवं प्रारूप मतदाता सूची का अपडेशन किया जावेगा। तथा दूसरे चरण मे 15 मई से 25 मई तक प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विहित स्थल ग्राम पंचायत में दावे आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। 18 जून 2026 को ग्राम पंचायत की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जावेगा। तथा जनता स्तर पर राजनीतिक दलों की स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की जायगी जिसमें जनपद अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष जनपद सदस्य सरपंच एवं जनप्रतिनिथियों को मतदाता सूचि का अवलोकन कराया जावेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर मनोज गर्ग राकेश विश्वकर्मा ,पंचायत निरीक्षक मोहन सिंह, राकेश तिवारी मनीष मिश्रा सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शाहनगर में गौ सम्मान को लेकर ज्ञापन सौंपा

**पन्ना।** सोमवार को तहसील मुख्यालय में "गौ सम्मान आवाहन अभियान" के तहत गौरक्षकों एवं आम नागरिकों ने एकत्रित होकर तहसीलदार महेश कुमार अवधिया को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन देश के राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित किया गया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने प्रपत्र पर हस्ताक्षर कर गौ संरक्षण के प्रति अपना समर्थन जताया। ज्ञापन में गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इसके साथ ही गौ तस्करी पर रोक लगाने के लिए कड़े कानून बनाने तथा गौ हत्या करने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक प्रावधान लागू करने की मांग भी शामिल की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि गौ संरक्षण भारतीय संस्कृति और आस्था से जुड़ा विषय है, जिसके लिए ठोस कदम उठाए जाने आवश्यक हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### बाघ कंकाल मामले में बीट गार्ड निलंबित वनपाल एवं रेंजर को आरोप पत्र जारी

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में 21 अप्रैल को एक नर बाघ का कंकाल मिला था। उक्त मामले में बीट गार्ड कटारिया राम सफल बैग को निलंबित कर दिया गया है तथा कार वाहक वनपाल एवं सर्किल प्रभारी बकचुर कमल किशोर मोची एवं परि क्षेत्राधिकार गंगाऊ अभ्यारण सागर शुक्ला को आरोप पत्र देकर जवाब तलब किया गया है मामले में प्रकरण दर्ज किया गया था

### महिला के गले से चेन झपटने वालों का नहीं लगा सुराग

**पन्ना।** कोतवाली थाना अंतर्गत पुरुषोत्तमपुर वार्ड क्रमांक 27 की निवासी स्वाति तिवारी पति पीतम तिवारी दिनांक 26 अप्रैल को पन्ना पहाड़ी खेड़ा रोड रघु लीला पैलेस के पास शाम 6रू00 घूमने निकली थी इसी दौरान लगभग 6रू40 बजे दो लोग मोटरसाइकिल से हेलमेट पहने हुए आए तथा चाकू लगाकर सोने की चेन छीन कर ले गए एवं अजयगढ़ चौराहे की तरफ भाग गए आवेदिका ने बताया कि घटना की सूचना मेरे द्वारा अपने पति तथा रिश्तेदारों को दी गई एवं डायल 112 को फोन लगाया कुछ देर बाद कोतवाली से प्रधान आरक्षक तोमर आ ई मत सेन तथा उपनिरीक्षक मनोरमा मोर पहुंच गई उनको सारी घटना बताइ आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा गया।

गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग, देशभर को जोड़कर राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा उठाने की तैयारी

# उपकाशी में गौ सम्मान रैली के साथ चलाया हस्ताक्षर अभियान, हजारों लोगों ने की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



उपकाशी नगर में राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत भव्य रैली और हस्ताक्षर अभियान का आयोजन नगर व क्षेत्र के संत महात्माओं गौसेवकों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भूतेश्वर मंदिर से हुई, जहां से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गौ-सेवक और नागरिक रैली में शामिल होकर नगर में भ्रमण करते हुए पुरानी कचहरी पहुंचकर घंटो इंतजार करते हुए गौसेवकों ने नायब तहसीलदार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान गौ माता के सम्मान में जयकारे लगाए। ₹गौ माता की जय के नारों से पूरा शहर गूंज उठा और लोगों ने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को जोरदार तरीके से उठाया। रैली के साथ ही हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें सैकड़ों नागरिकों ने भाग लेकर अपना समर्थन दिया। आयोजकों ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से एकत्रित हस्ताक्षरों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा, ताकि इस मांग को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जा सके। रैली दौरान मुख्य रूप से बुंदेलखंड के विख्यात संत अजब धाम छोटे सरकार उपस्थित रहे इसके अलावा कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। आयोजन ने नगर में गौ संरक्षण और सम्मान को लेकर जन-जागरूकता को नई दिशा दी है, वहीं लोगों का बढ़ता समर्थन इसे एक बड़े जनआंदोलन का रूप देता नजर आ रहा है।

# पोषण मेले के साथ संपन्न हुआ पोषण पखवाड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन में आयुष विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग दमोह द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर चोपरा में पोषण पखवाड़ा का आयोजन पोषण मेले के साथ संपन्न किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण जनमानस को समग्र स्वास्थ्य, संतुलित आहार एवं पोषण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों में पोषण संबंधी स्थिति में सुधार लाना तथा कुपोषण के खिलाफ सामुदायिक स्तर पर जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पंकज दास रोहित द्वारा गर्भवती महिलाओं, बालक एवं बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही उन्हें आवश्यक पोषण आहार का वितरण भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि पोषण पखवाड़ा एक महत्वपूर्ण पहल है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति समझ विकसित करने में सहायक सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम में ग्राम की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती लक्ष्मी लोधी, श्रीमती सुलोचना जैन, श्रीमती उमा पाल, श्रीमती हीरा रजक सहित शिव कुमार बिंदिया (कंपाउंडर) एवं संभव जैन का विशेष सहयोग रहा। पूरे आयोजन के दौरान ग्रामीणों में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता देखने को मिली।

# गाय की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए जबेरा तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**जबेरा।** भारत की संस्कृति में गाय का सर्वोच्च स्थान है जिसकी रक्षा एवम सम्मान करना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है इस भावना को लेकर सम्पूर्ण देश मे विगत दिवस गौ दिवस घोषित कर प्रधानमंत्री राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपे गए जिसके तहत जबेरा में भी तहसीलदार को इनके नाम ज्ञापन सौपे गए ज्ञापन सौपने के पूर्व सभी गौभक्त खेल ग्राउंड से थाने तक जुलूस के रूप में थाने पहुचे जहाँ एक सभा की गई जिसमें कई वक्तायो ने सम्बोधित किया।सम्बोधित करते हुए अश्वनी नामदेव ने कहा एक समय ऐसा था जब गौधन को सबसे बड़ा धन माना जाता था व्यक्ति की समाज मे प्रतिष्ठा परिवार में कितना गौधन से होती थी। वही डॉ मनोज ने कहा भगवान आदिनाथ के समय गौ का इतना सम्मान था कि उनकी पहचान का चिन्ह ही बैल है भगबान कृष्ण ने स्वयं गौ की सेवा की। रूपेश सेन ने भारत सरकार से गौ को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान एवम सुरक्षा की मांग की राजेश जैन ने कहा आज जो आप सभी गौ माता के सम्मान एवम रक्षा हेतु यहाँ एकत्रित हुए है यह व्यर्थ नही जाएगा इससे पूरे देश मे एक संदेश जाएगा कि गौ माता के लिए आज भी वही सम्मान है जो कभी भगवान कृष्ण के समय हुआ करता था। ।इनके आलावा जुगल शर्मा, रानू नामदेव, मिथलेश तिवारी, पंकज जैन, दिनेश साहू, सहित कई वक्तायो ने सम्बोधित किया ज्ञापन सौपते वक्त, मोंटू बाजपेई, संजय बाजपेई, नीरज जयसवाल सहारा ठाकुर अर्पित मलैया,अर्हम जैन, अक्षत जैन, कमल नामदेव सहित सर्वसमाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# तेंदूखेड़ा में गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की उठी मांग



**तेंदूखेड़ा।** तहसील में दिनांक 27 अप्रैल को "गौ सम्मान आह्वान अभियान" के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के माध्यम से तहसील के विभिन्न गांवों एवं नगरों से बड़ी संख्या में गौ भक्तों ने सहभागिता करते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य गौ माता को राष्ट्रमाता अथवा राष्ट्र आराध्या के रूप में संवैधानिक मान्यता दिलाने तथा राज्य स्तर पर राज्यमाता/राज्य आराध्या घोषित कराने हेतु शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना रहा। इस अवसर पर गौ भक्तों द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित प्रार्थना पत्र तहसीलदार, को सौंपा गया। यह प्रार्थना पत्र पूरे सम्मान के साथ पीले वस्त्र में लपेटकर गल्ला मंडी मैदान से एक शांतिपूर्ण एवं श्रद्धापूर्ण यात्रा के माध्यम से तहसील कार्यालय तक ले जाया गया। कार्यक्रम के दौरान "जय गौ माता" एवं "जय गोपाल" के भजनों के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजकों ने अपने संबोधन में कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है, किंतु वर्तमान समय में इसकी स्थिति अत्यंत दयनीय होती जा रही है। गौवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं सुरक्षा के लिए सरकारी स्तर पर ठोस और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गौ सेवकों ने एक स्वर में शासन से आग्रह किया कि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, जिससे देशभर में गौवंश को उचित सम्मान, सुरक्षा एवं संरक्षण मिल सके। यह अभियान देश की अनेक तहसीलों में एक साथ आयोजित किया गया, जिससे इसकी व्यापकता और जनसमर्थन स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

# गरीब पिता की बेटी की शादी में थाना प्रभारी बने मददगार



**हटा।** हटा थाना क्षेत्र में इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए थाना प्रभारी सुधीर बेगी गरीबों के मसीहा बनकर सामने आए। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पाजी निवासी विजय विश्वकर्मा अपनी बेटी की शादी के लिए आर्थिक तंगी से जूझ रहा था शादी में जरूरी सामान की व्यवस्था न हो अपने से परिवार परेशान था। थाना प्रभारी सुधीर बेगी को जानकारी मिलने पर उन्होंने पुलिस थाने बुलाकर शादी में मदद करने का भरोसा दिया। उन्होंने समाजसेवी व्यापारी शीतल सरदार, साहिल पंजाबी, दीपक आरती चौरसिया, आशीष पुरानी से तुरंत पहल करते हुए मदद करने की अपील की। थाना प्रभारी ने बेटी को उपहार स्वरूप सोफा सेट कूलर पंखा एवं शादी में काम आने वाले जरूरी सामान भेंट किए और परिवार को आर्थिक सहयोग भी दिया। बर्तन, कपड़े और अन्य गृहस्थी का सामान पाकर पिता की आंखें भर आईं। स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी के इस नेक कार्य की खूब सराहना की। थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने कहा, ₹बेटियां सबकी सांझी होती हैं। जरूरतमंद की मदद करना हमारा सामाजिक दायित्व है।

अधिकारियों की बैठक संपन्न दिए गए अहम दिशा निर्देश...

# 25 मई को गंगा दशहरा है, इस दौरान विशेष गतिविधियां की जायें -कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



**आगामी 25 मई को गंगा दशहरा है, इस दौरान विशेष गतिविधियां शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में की जायें। जल संरचनाओं में जनसहयोग से कार्य लिए जायें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने टाइमलिमिट बैठक के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में चर्चा करते हुए दिए। उन्होने कहा हर पंचायतो ओर शहरी क्षेत्रों में कार्य लिए जायें। बैठक में अपर कलेक्टर मीना मसराम खासतौर पर मौजूद रही।**

कलेक्टर श्री यादव ने कहा है कि प्रदेश में 19 मार्च से आरंभ हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। उन्होने कहा सभी जिलेवासी भी अपने आस-पास की जल संरचनाओं की बेहतरी के कार्य से जुड़ें, इस उद्देश्य से 25 मई गंगा दशहरा पर विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएं। श्री यादव ने कहा, जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से इस अवसर पर ग्राम और वार्ड स्तर पर कुंआ, बावड़ी, तालाब, नहर आदि की सामूहिक सफाई, पौधरोपण, घाटों की सफाई और जल संरक्षण संबंधी गतिविधियों में सामूहिक श्रमदान को प्रोत्साहित किया जाए। इन गतिविधियों में पंचायत और नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला स्व-सहायता समूहों, व्यापारी संगठनों और अन्य संस्थाओं को जोड़ा जाए।

पराली न जलायें, जागरूक किया जाये। कलेक्टर श्री यादव ने कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा खेतो में किसान पराली न जलायें, इससे मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट हो जाते है, इस संबंध में खरीदी केंद्रो में भी आने वालें किसानो को अवगत कराया जायें और जागरूक किया जायें।

### खरीदी केंद्रों का सतत निरीक्षण करें

इस अवसर पर जिला कलेक्टर नें सभी एसडीएम, तहसीलदार और अधिकारियों से कहा खरीदी केंद्रो का सतत निरीक्षण करें। उन्होने अधिकारियों से कहा क्षेत्र में दौरे पर जाने पर आवश्यक रूप से खरीदी केंद्रो पर जायें। श्री यादव नें खाद्य अधिकारी से कहा सतत मानीटरिंग करे।

### एचपीव्ही टीकाकरण में सभी संबंधित विभाग सहयोग करें

बैठक के दौरान एचपीव्ही टीकाकरण के संबंध में कलेक्टर नें महिला बाल विकास, शिक्षा सहित अन्य संबंधित विभागो से कहा टीकाकरण में स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर प्रगति लाई जायें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीने बताया आज वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में मिल जायेगें। इस अवसर पर जिला कलेक्टर नें छात्रों को पुस्तक वितरण, एएनसी पंजीयन आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने जर्जर स्कूल भवनों कें संबंध में चर्चा करते हुए कहा घोषित किए गए भवनों को डिसमेंटल कराया जायें। इस कार्य को त्वरित कराया जायें। बैठक में सी.एम हेल्पलाईन की विभागवार समीक्षा करते हुए तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए गये।

# ससुराल से पत्नी और मासूम बेटी को लेकर घर आ रहे युवक की मोटर साईकिल हुई अनियंत्रित

## पति पत्नी घायल, बाल बाल बची मासूम बालिका

**पन्ना।** कहते है जाको राखे साईयां भार सके न कोय ऐसी ही कहवात चरितार्थ हुयी है शाहनगर थाना क्षेत्रांअन्तर्गत शाहनगर बोरी मार्ग पर जहां पिकअप और मोटरसाईकिल की भिडंत में एक वर्ष की बालिका को खरोंच तक नही आयी वहीं पतिशौर पत्नी बुरी तरह चोटिल हो गये है जानकारीके मुताबिक गंगाराम चौधरी पिता क्वांरे लाल चौधरी 27वर्ष अपनी धर्म पत्नी चंन्दा बाई चौधरी को रगौली ससुराल लेने गया था उसके साथ उसके साथ 1वर्ष की पृथ्वी और भाइ राहूल चौधरी मोटरसाईकिल मे आ रहे थे तभी तेज रफ्तार पिक अप ने हरवंशपुरा मोड़ पर टक्कर मार दी हादसे मे पति पत्नी घायल हो गये पर मासूम बालिका को खरोंच तक नहीं आयी वही देवर भी बाल बाल बच गया घायलों को 108के चालक कष्ण कुमार शर्मा ने इलाज के लिये शाहनगर समुदायिक स्शास्थ्य केन्द मे भर्ती कराया जहा बीएम ओ डॉ सर्वेश लोधी ने प्राथमिक उपचार मुहैया कराया।

गंदगी से भरी पड़ी प्राचीन तलैया.....

# धीरे-धीरे अस्तित्व खोती जा रही श्रीराम मंदिर की तलैया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

एक जमाना हुआ करता था जब गांव के लोगों के लिए कुआं एवं तलैया जन उपयोगी साबित होती थी ग्रामीण जन इन्हीं ताल तलैया पर नहाने धोने एवं अपने कपड़े धोने का कार्य किया करते थे, लेकिन आधुनिक युग के चलते धीरे-धीरे क्रमशः ताल तलैया एवं कुआ बावड़ी का अस्तित्व विलुप्त होते चला गया ग्राम के मध्य में स्थापित श्री राम मंदिर की तलैया वर्तमान समय में डस्टबिन का डिब्बा बन चुकी है। तलैया पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण करके अपने शौचालयों का निर्माण भी कर रखा है। आसपास के अधिकांश लोग इसी तलैया में कूड़ा कचरा डालकर तलैया को दूषित कर रहे हैं। ज्ञात हो की सन 1998 में पूर्व जनपद सदस्य एवं कृषि समिति हटा के सभापति स्वर्गीय श्री राजगोपाल श्रीवास्तव ने जनपद पंचायत हटा में एक प्रस्ताव पारित कराया था जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि ग्राम की श्रीराम मंदिर तलैया का सौंदर्य करण करके तलैया के बीचो-बीच एक फब्बरा लगाकर इस तलैया के चारों तरफ एक सुंदर पार्क का निर्माण कराया जाए जिसमें लोग सुबह-शाम पार्क की सैर कर सके और तलैया को सुंदर बनाया जा सके, लेकिन अफसोस की सन 1999 में स्वर्गीय राजगोपाल श्रीवास्तव का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया, तब से लेकर आज तक यह प्रस्ताव पेंडिंग पड़ा हुआ है जिस पर आज तक किसी नेता ने गौर नहीं किया, तलैया के वर्तमान हालात यह है कि चारों तरफ से गंदगी एवं कूड़ा कचरा में तलैया भर चुकी है हालांकि पिछले वर्ष तत्कालीन नायब तहसीलदार शिवराम चाडर द्वारा तलैया की साफ सफाई कराके तलैया पर से कुछ अतिक्रमण को भी हटाया गया था लेकिन उनका स्थानांतरण हो जाने के बाद यह कार्य भी अधूरा रह गया, गौरतलब है कि इससे पूर्व ग्राम की दो प्राचीन तलैया एक आदिवासी मोहल्ला की मागरमाटी वाली तलैया एवं एक मुस्लिम मोहल्ला में बिलादा की तलैया विलुप्त हो चुकी है और इन तलैयों को पुरकर समतल करके उस पर मकान आदि बन चुके हैं मुस्लिम मोहल्ला की विलादा तलैया पर तो बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुकी है कुछ शासकीय कर्मचारी भी इस तलैया पर अतिक्रमण किए हुए हैं, यहां पर विचारणीय पहलु यह कि एक ओर तो शासन प्रशासन गांव-गांव में ताल तलैया खोदने पर जोर दे रहा है वहीं दूसरी ओर गांव की दो प्राचीन तलैया अतिक्रमण की भेट चड़के समाप्त हो चुकी है तलैया पर मकान बन चुके हैं , क्या इस तरफ शासन प्रशासन का ध्यान जाएगा? यह सवाल बनता है, ग्रामीण जनो ने श्रीराम मंदिर की तलैया की साफ सफाई किए जाने एवं तिलैया का सौंदर्यकरण किए जाने की मांग की है।

# किसानों की समस्या को लेकर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने दिया ज्ञापन



**जबेरा।** भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के नेतृत्व में भारतीय किसान संघ ने वर्तमान में किसानों को गेहूं तुलाने मैं हो रही परेशानियों के संबंध में ज्ञापन की माध्यम से अवगत कराया है कि ना ही किसानों के स्लॉट बुक हो पा रहे हैं नाही समय पर गेहूं की तु लाई हो रही है इसी संबंध में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी किसानों की समस्याओ को लेकर तहसील कार्यालय जबेरा पहुंचे जहां पर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार जबेरा को ज्ञापन दिया गया जिसमें प्रमुख रूप से मांग की गई है कि किसानो की गेहूं खरीद 1 अप्रैल से होने थी जो 15 अप्रैल से की गई 15 दिन लेट गेहूं की खरीद की गई है अब खरीद शुरू हो जाने के बाद स्लॉट बुक नहीं हो रहे हैं बड़ी समस्या जा रही है सेटेलाइट के द्वारा जितना सर्वे करवाया गया वह वास्तविक सर्वे से बहुत कम सर्वे बता रहा है जिससे किसानों की आधी गेहूं का रजिस्ट्रेशन रद्द हो गया है किसान नरेंद्र खरे करनपुरा ने बताया मेरा 68 कुंटल का रजिस्ट्रेशन हुआ जिस पर 28 कुंतल गेहूं की ही खरीदी की जाएगी ज्ञापन देने वालों में प्रमुख से भगवती मानव कल्याण संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के ब्लॉक किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश धुर्वे संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश अहिरवार जिला सचिव सुरेश राय ,नंदन मिश्रा, नरेंद्र खरे ,सुखदेव सिंह ,मगन यादव, प्रदीप सिंह आदिवासी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसानों की उपस्थिति रही।

# कृष्ण जन्मोत्सव में झूम उठे श्रद्धालु, भक्ति से सराबोर हुआ पंडाल



**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र के ग्राम खमरिया कला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर हो गया। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल "जय श्रीकृष्ण" के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु झूम उठे। कथा व्यास पं उमाशंकर शास्त्री ने अपने प्रवचनों में सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि अच्छे लोगों का साथ न मिले तो अच्छी पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए, क्योंकि श्रेष्ठ साहित्य भी मन और आत्मा को शुद्ध करने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि सत्संग और सद्विचार ही जीवन को सही दिशा देते हैं। श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ा है, तब-तब भगवान ने अवतार लेकर धर्म की स्थापना की है। मथुरा में कंस के अत्याचारों से व्यथित धरती की पुकार पर भगवान ने देवकी के गर्भ से श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया और अत्याचारी कंस का वध कर धर्म की रक्षा की। जन्मोत्सव के प्रसंग के दौरान श्रद्धालु नाचते-गाते भगवान के जन्म की खुशियां मनाते नजर आए। पूरे पंडाल में भक्ति की धारा बहती रही और माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। कथा व्यास ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि भागवत कथा सुनना मात्र पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके संदेशों को जीवन में उतारना ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने राक्षसों का संहार कर समाज को भयमुक्त किया और धर्म की स्थापना की। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और भक्ति भाव के साथ कथा का श्रवण कर रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक माहौल में रंगा नजर आ रहा है।

**खबर संक्षेप**

### कृषि उपज मंडी में व्यवस्थाएं भगवान भरोसे

**पथरिया।** कृषि उपज मंडी में विगत कई माह से प्रभारी सचिव के होने के कारण अव्यवस्था का आलम बना हुआ है मंडी में व्यापारियों की मनमर्जी से काम चल रहा व्यापारियों पर मंडी प्रशासन का कोई नियंत्रण नही है। 2 दर्जन से अधिक आउट सोर्स कंपनी से कर्मचारियों के भरोसे सब कुछ चल रहा वही जो नियमित कर्मचारी हैं उनके द्वारा समय अनुसार वह कार्यालय में उपस्थित तक नही होते है मंडी में आधे दर्जन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी होने के बाद भी परिसर में साफ सफाई तक नही कार्यालय की दीवारों पर धूल की परतें जमी हुई है लेकिन कभी किसी का ध्यान नही कागजों में सब चल रहा। किसानों के लिए केंटीन है पर चालू नही शासन द्वारा किसानों के नाम पर भले योजना बनाई जा रही है पर धरातल पर दिखना चाहिए तभी योजना सार्थक है।

### 17 मई को होगा युवक युवती परिचय सम्मेलन

**दमोह।** निषादराज माझी समाज सेवा समिति भोपाल मप्र की दमोह ईकाई के द्वारा 17 मई को दमोह के आशीर्वाद गार्डन में केवट जयंती समारोह एवं निःशुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त बैठक दिनांक 28 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार को रात्रि 08 बजे स्थानीय मछली मार्केट चरयाई बाजार में आयोजित की गई।

सेमरखों-सीतानगर विस्तारीकरण परियोजना का सांसद दमोह ने किया निरीक्षण

# छूटे हुए 53 गांवों को मिलेगा सिंचाई परियोजना का लाभ, लगभग 20 गुना भूमि होगी सिंचित

**परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगी, सभी जनप्रतिनिधि मिलकर खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत-सांसद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सांसद राहुल सिंह लोधी सेमरखों-सीतानगर विस्तारीकरण परियोजना के निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा हिंडोरिया एवं आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से सिंचाई हेतु पानी की समस्या बनी रही है, जिसे दूर करने के लिए यह परियोजना महत्वपूर्ण साबित होगी।

सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने बताया सीतानगर परियोजना के प्रथम चरण के पूर्ण होने के बाद लगभग 33 गांव लक्ष्मण कुटी के आसपास के क्षेत्र में छूट गए थे। इसके अलावा हिंडोरिया से जुड़े 20 अन्य गांव भी परियोजना से वंचित रह गए थे। हाल ही में नोहटा में मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा इन सभी 53 गांवों जिसमें आमखेड़ा, आनु, अनवारी, बम्होरी, बरखेड़ा, भदोली, भोरखेड़ा, बिलतरा सड़क, चैनपुरा चनदोरा, छापरी, दमोह, धरमपुरा, गुंजी, हरदुवानी, हिंडोरिया, हिन्नाई, इमलाई, झागरी, कादीपुर, करैया हजारी, करैया राख, खजरी दमोह, खेरुवा, खिरिया, कुवाटनखेड़ी, लक्ष्मणधाम, लिधौरा, लुहररा, मानपुरा, महंतपुर, मड़िया, महुआ खेड़ा मंडला खिरिया, कारासूखी, नोनपानी, पटना पायरा, पिपरिया कलां पिपरिया खुर्द, रायपुर, राजघाट पिपरिया, समन्ना माल, समन्ना रैयतवाड़ी, सिमरी राजाराम सिंगपुर, सुखी, पिपरिया, सुरखी तानखेड़ी, तिदोनी, उमरी, उमरिया परियोजना में शामिल करने का आग्रह किया गया था, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक पहल करते हुए प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

सांसद श्री लोधी ने बताया खड़ेरा और बलारपुर के बीच एक वाटर प्वाइंट स्थापित किया जाएगा, जहां से पानी को पाइपलाइन केनाल के माध्यम से लिफ्ट कर लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित सेमरखों जलाशय तक पहुंचाया जाएगा वर्तमान में जलाशय की ऊंचाई 11 मीटर है, जिसे बढ़ाकर 33 मीटर किया जाएगा। इससे जहां अभी 650 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो रही है। उन्होंने कहा परियोजना पूर्ण होने के बाद लगभग 20 गुना यानि 14,000 हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगी। सांसद दमोह श्री लोधी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगी साथ ही किसानों से अपील की कि वे धैर्य रखें, क्योंकि सभी जनप्रतिनिधि मिलकर उनके खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि कार्य के प्रारंभिक रूप में डीपीआर तैयार होते ही निर्धारित समय सीमा में इसे पूरा कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर धर्मेंद्र पटेल, सरपंच समन्ना सोनू ठाकुर, बृजेश ठाकुर, सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री आरडी बेन सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जिला जेल में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह की अध्यक्षता में जिला जेल दमोह में बंदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय दमोह के सहयोग से किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, जिला चिकित्सालय दमोह से मेडीसिन विशेषज्ञ डॉ. विजय पथोरिया, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुधा राय, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. एन. के. पटैल, सर्जिकल ऑफीसर डॉ. उमेश तंतुवाय, दंत चिकित्सक डॉ. राघवेन्द्र चौधरी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. कौशिक अधिकारी, लैब टेक्निशियन/ पैरामेडीकल स्टॉफ, जेल उप अधीक्षक एम. एल. पटैल, लीगल एड डिफेंस काउंसिल मनीष नगाईच, मदन कुमार जैन, शिवानी पाराशर, ऋचा त्रिपाठी, जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ऑनलाईन माध्यम से न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक, म.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में केन्द्रीय जेल जबलपुर से अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल, म.प्र. उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जबलपुर सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अन्य न्यायाधीशगण भी ऑनलाईन माध्यम से सम्मिलित हुये। प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी द्वारा उपस्थित बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि म.प्र. उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के क्षेत्राधिकार अंतर्गत सभी जेलों में इस शिविर का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य बंदियों के अधिकारों के सरंक्षण के साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना व उनके प्रकरणों की अद्यतन जानकारी से उन्हें अवगत कराया जाना है। यहॉ पर समस्त लीगल एड डिफेंस काउंसिल शिविर में उपस्थित हैं, ऐसे बंदी जिनके प्रकरण में विधिक सहायता उपलब्ध कराई गयी है वे अपने प्रकरण की जानकारी की चर्चा नियुक्त अधिवक्ता से कर प्रकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी ले सकते हैं। साथ ही आपने उपस्थित बंदीगण को जिला चिकित्सालय दमोह से आये हुये विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम से स्वास्थ्य परीक्षण करवाये जाने एवं उनके निर्देशानुसार नियमित समय पर दवाईयों का सेवन करने की सलाह दी। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा एवं आभार जेल उप अधीक्षक एम.एल पटैल के द्वारा किया गया है।

## बलदेव जी साक्षात शेषनाग का अवतार थे : पंडित रवि शास्त्री महाराज

दमोह। स्थानीय नंदीवन मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में भगवान बलदेव जी एवं भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा कही गई एवं उत्सव मनाया गया कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि जब रोहिणी मैया के गर्भ से बलदेव जी का जन्म हुआ था तब पूरा गोकुल उत्सव मना रहा था खुशियां चारों ओर बिखरी थीं लेकिन एक चिंता नंद बाबा और मैया रोहिणी को खाए जा रही थी नन्हा बलदेव स्वस्थ था सुंदर था लेकिन जन्म के पहले दिन से ही उसने अपनी आंखें मूंद रखी थीं दिन हफ्ते में बदले और हफ्ते महीनों में बलदेव जी एक वर्ष के हो गए लेकिन उन्होंने एक बार भी अपनी पलकें नहीं झपकाईं बड़े-बड़े वैद्य आए ज्योतिषी बुलाए गए सबने हार मान ली किसी को समझ नहीं आ रहा था कि जो बालक शारीरिक रूप से इतना बलिष्ठ है उसकी आंखों में ज्योति क्यों नहीं है परंतु यह कोई अंधापन नहीं था बल्कि एक अनंत भक्त का संकल्प था बलदेव जी साक्षात शेषनाग के अवतार थे उनके मन में एक ही विचार था मेरे इन नेत्रों की प्रथम दृष्टि केवल उस पर पड़नी चाहिए जिसकी गोद में मैं क्षीर सागर में अनंत काल तक विश्राम करता हूँ यदि मैंने इस मायावी संसार के रंग देख लिए तो प्रभु के मुखारविंद को देखते समय वो विशुद्धता कहां रहेगी एक वर्ष बीत गया वह पावन रात्रि आई जब श्रीकृष्ण का जन्म हुआ अगली सुबह पूरे ब्रज में शोर मच गया नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जब वसुदेव जी के लाए हुए उस सांवले सलोने बालक को पालने में लिटाया गया तब मैया रोहिणी बलदेव जी को लेकर यशोदा मैया के पास पहुँचीं जैसे ही बलदेव जी को नन्हे कान्हा के समीप लाया गया वातावरण में एक दिव्य सुगंध फैल गई जैसे ही कान्हा की किलकारी बलदेव के कानों में पड़ी उनका पूरा शरीर पुलकित हो उठा उन्हें महसूस हुआ कि जिनके चरणों की सेवा उन्होंने त्रेता में लक्ष्मण बनकर की वे श्याम सुंदर अब उनके बगल में लेटे हैं अचानक पूरे एक साल बाद बलदेव जी ने अपनी आंखें धीरे-धीरे खोलीं नंद बाबा यशोदा और रोहिणी मैया दंग रह गए बलदेव जी की आंखों में कोई बीमारी नहीं थी बल्कि उनमें एक गजब की चमक थी उनकी पहली दृष्टि किसी दीवार या खिलौने पर नहीं बल्कि सीधे कृष्ण के मुख पर पड़ी कृष्ण ने भी अपनी शरारती आंखों से बड़े भाई की ओर देखा और मुस्कुरा दिए मानो कह रहे हों दाऊ भैया आपकी प्रतीक्षा समाप्त हुई अब साथ मिलकर इस संसार की लीलाएं रचनी हैं।

## पोस्टर का हुआ विमोचन...



दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव से टीम उम्मीद ने भेंट की। इस दौरान कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने दमोह के नये स्वच्छता गीत जीतेंगे-जीतेंगे का टीज़र रिलीज़ व पोस्टर विमोचन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अधिकारी दमोह राजेंद्र सिंह लोधी, जिला समनव्यक सुशील नामदेव के साथ टीम उम्मीद के साथी मौजूद रहे।

## नारी शक्ति को अधिकार देने में हम अग्रणी, विपक्ष केवल विरोधी - अर्चना सिंह

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष के विरोध पर भाजपा की पत्रकार वार्ता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के विरोध पर भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह द्वारा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री श्रीमती अर्चना सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू कटारे एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन उपस्थित रहे। अर्चना सिंह ने कहा कि लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जो घटनाक्रम हुआ, वह केवल एक संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है। कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन ने इस ऐतिहासिक अवसर को बाधित कर अपनी महिला विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। उन्होंने ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इसे रोककर करोड़ों महिलाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ किया है। कांग्रेस का इतिहास महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने वाला रहा है। चाहे तीन तलाक का मुद्दा हो या कश्मीर में महिलाओं के अधिकारों से जुड़े विषय—हर जगह कांग्रेस ने महिलाओं के सशक्तिकरण में बाधा डालने का काम किया है। विपक्ष केवल दिखावे की राजनीति करता है और महिलाओं के नाम पर राजनीतिक स्वार्थ साधता है। आज देश की महिलाएं सब देख रही हैं और आने वाले समय में इसका जवाब जरूर देंगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं और भाजपा ने केवल वादे नहीं, बल्कि कार्य करके दिखाया है। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष का यह रवैया लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को रोकने की साजिश है। कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी जैसे दलों ने एक ऐतिहासिक अवसर को नकार दिया। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मार्ग भाजपा सरकार ने प्रशस्त किया है, जबकि कांग्रेस ने दशकों तक केवल वादे किए। संसद में महिलाओं के सम्मान के बजाय विपक्ष ने उपहास और विरोध का रास्ता चुना, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों का प्रश्न है। विपक्ष का हर विरोध देश की महिलाओं का अपमान है। यह मुद्दा अब केवल संसद तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जन-जन का विषय बनेगा और भाजपा इसे हर स्तर पर जनता के बीच ले जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू कटारे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। देश की नारी शक्ति अब निर्णायक शक्ति बन चुकी है और भविष्य में वही देश की दिशा तय करेगी।

## जल सप्लाई समय अनुसार न होने पर ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** बजरिया वार्ड 8 में जल सप्लाई समय अनुसार न होने पर नगर पालिका अधिकारी के नाम आवेदन सौंपा गया जिसमें मोहनीश राव ने बताया गया की बजरिया वार्ड नंबर 8 दमोह में जल सप्लाई का ठीक समय 5 बजे का है पर वार्ड पार्षद हिमानी खान एवं इकबाल खान की मनमानी द्वारा जल सप्लाई नियम अनुसार नहीं की जाती है मनमानी तरीके से की जाती है कभी रात को 11 बजे कभी रात को 8 बजे कभी 9 बजे नल खुलते है जिससे जनता बहुत ही ज्यादा परेशान है। उक्त ज्ञापन सौपते हुए मांगे हैं कि जल सप्लाई ठीक समय पर की जाए एवं पानी की टंकी गजानन टेकरी की कर्मचारी मदन पर वार्ड पार्षद द्वारा दबाव ना बनाया जाएं एवं वार्ड जनता का कहना है कि अगर तीन दिवस के अंदर जल सप्लाई नियम अनुसार नहीं खोली गई तो हम सभी वार्ड के लोग उग्र आंदोलन करने के लिए उतारू हो जाएंगे। भारी संख्या में युवा एवं महिलाओं में ज्ञापन नगर पालिका अधिकारी के नाम दिया है जिसमें मैदा बाई, लीला बाई, उसा बाई, राम रानी, दुलारी बाई, सरोज बाई, नीलेश आदर्श, दीपू आदर्श, कांशीराम, शेखर राज, राजेश, सादिक खान, जीतेन्द्र, राहुल, अतुल, हिमांशु, भूपत, देवेश, विजय, दिनेन्द्र राज आदि की उपस्थिति रहीं।

नल जल योजना के बाद भी रसीलपुर के लोग प्यासे

# जिम्मेदारों की लापरवाही से गांव के लोग परेशान, एक सप्ताह से नहीं आया पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



हटा अनुविभाग में पेयजल व्यवस्था चरमराकर सवालों के घेरे में आ गई है नल जल योजना जिसे भाजपा सरकार ने गांव गांव में हर घर तक पानी पहुंचाने की उम्मीद से शुरू की थी अब वह दम तोड़ती नजर आ रही है। ताजा उदाहरण विकासखंड से सटे लगभग पांच हजार आबादी वाले ग्राम रसीलपुर में देखने को मिला जहां के लोग भीषण गर्मी के दौर में बूंद बूंद पानी के लिए परेशान होते नजर आ रहे हैं। गांव में स्थिति यह है कि सप्ताह भर से पंचायत के द्वारा पानी की सप्लाई ही नहीं की गई जिसके कारण लोगों को घर-घर पानी नहीं मिल पा रहा है। गांव में लगी सरकारी हैंड पंप भी हवा उगल रहे हैं। ग्रामीण परेशान होकर या तो खेतों में सिंचाई के लिए बने कुओं का सहारा लेने मजबूर हो रहे हैं जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**एक सप्ताह से नहीं आया नलों में पानी**

रसीलपुर निवासी सोनू मिश्रा ने बताया कि भीषण गर्मी के दौर में जहां पानी के बिना मनुष्य तो ठीक पशु पक्षियों का भी जीना मुश्किल है शादी विवाह का सीजन चल रहा है ऐसी स्थिति में गांव में संचालित नल जल योजना के नलों में एक सप्ताह से पानी नहीं आ रहा है गांव में कोई सुनने वाला नहीं है। जिससे लोगों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। गांव के हैंड पंप तो गर्मी की शुरुआत से पहले ही बंद हो गए थे अब पानी के लिए दूर दराज खेतों में बने कुओं से तपती दुपहरी में मजबूरन पानी लेने जाना पड़ता है।

जबकि जिला कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के द्वारा बैठक में साफ निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी में नल जल योजना की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाए जहां नल जल योजना बंद पड़ी है या चालू है और पानी की सप्लाई नहीं हो रही है उसे तत्काल सुधार किया जाए लेकिन कलेक्टर का आदेश भी बेअसर होता दिखाई दे रहा है।

**जहां अप्रेल महीने से ही ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण सही ढग से**

नल जल योजना का संचालन नहीं हो पाने से योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण लोगों को पीने के पानी एवं दैनिक उपयोग के पानी के लिए दूरदराज से कुओं का सहारा लेना पड़ रहा है। नतीजा भीषण गर्मी के दौर में रसीलपुर के बाशिंदों को बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इस संबंध में नल जल योजना हटा अनुविभाग प्रभारी शैलेंद्र सिंदे से बात की तुमने बताया कि पानी की टंकी बराबर भरी जा रही है पंचायत को योजना हैंड ओवर कर दी गई है पता करते हैं कि आखिरकार पानी एक हफ्ते से सप्लाई क्यों नहीं किया गया।

## बच्चों की 'खोज यात्रा': पर्यटन स्थलों का कराया शैक्षणिक भ्रमण




**तेजगढ़।** शासकीय माध्यमिक शाला पढ़रिया के विद्यार्थियों को परीक्षा उपरांत शाला परिवार द्वारा शैक्षणिक भ्रमण (खोज यात्रा) कराया गया। इस दौरान बच्चों को विभिन्न स्थलों का दौरा कराकर व्यावहारिक जानकारी दी गई। भ्रमण की शुरुआत स्थानीय पुलिस थाने से हुई, जहां थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं रिकॉर्ड संधारण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके पश्चात बच्चों को सांगा नर्सरी ले जाया गया, जहां उन्हें फलदार पौधों को उगाने, उनकी देखभाल एवं संरक्षण की विधियों से अवगत कराया गया। साथ ही सागौन सहित अन्य वनस्पतियों के संरक्षण एवं संवर्धन की जानकारी भी दी गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने प्राकृतिक स्थल टपका का भ्रमण किया, जहां प्राकृतिक गुफाएं, जल कुंड और घने जंगल को नजदीक से देखा। यहीं पर सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह और आपसी सहयोग की भावना बढ़ी। भ्रमण के अंतिम चरण में कलमली तालाब पहुंचकर बच्चों ने पक्षियों का अवलोकन किया तथा शेर स्मारक का भी दर्शन किया। इस पूरे कार्यक्रम में शिक्षक प्रशांत निगम, महेंद्र दीक्षित, सोनाली दुबे, राजेश शर्मा सहित अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने नए अनुभव प्राप्त किए और सभी विद्यार्थी खुशी-खुशी अपने घर लौटे।

## जीवन में मनुष्य होना काफी नहीं है जीवन में मनुष्यता का होना बेहद आवश्यक है-पं. हरि किशन दुबे



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम गुबरा कला में पूर्व सरपंच श्री निंन्दी लाल जी ठाकुर के यहां श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़े ही आनंद के साथ बिहारी जी का नगर भ्रमण कराया जिसमें समस्त ग्रामवासी सम्मिलित रहे। कथावाचक पंडित हरिकिशन जी दुबे कनवास वालों ने भागवत जी की महिमा को गाते हुए बताया कि भागवत की कथा मन को शुद्ध करने वाली है और मन जब शुद्ध हो जाता है तो शुद्ध मन में परमात्मा निवास करते हैं और जिसके मन में परमात्मा निवास करते हैं उस व्यक्ति के जीवन में सुख शांति एवं अंत में मुक्ति निश्चित प्राप्त होती है। साथ ही धुंधकारी की कथा को सुनते हुए बताया की यदि जो ब्राह्मण होकर ब्रह्मणत्व को नष्ट कर लेगा उसको भी प्रेत निश्चित बनना पड़ेगा ठीक वैसे ही जो मनुष्य होकर मनुष्यतत्व को नष्ट कर लेगा उसको भी प्रेत निश्चित बनना पड़ेगा मनुष्य हो तो जीवन में मनुष्यता अति आवश्यक है।